कैंसर पेशेंट्स को असली की कीमत पर लग रहे थे नकली इंजेक्शन, इस नामी हॉस्पिटल से जुड़े थे गिरोह के तार, 7 गिरफ्तार

Delhi Police: चंद सिक्कों के लालच में कैंसर की नकली दवा बना मरीजों की जिंदगी से खेलने वाले सिंडिकेट का दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने भंडाफोड़ किया है. इस गिरोह में दिल्ली के नामी कैंसर हॉस्पिटल के दो कर्मी भी शामिल थे. पुलिस ने दोनों हॉस्पिटल कर्मियों के साथ कुल सात लोगों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से ₹4 करोड़ कीमत के 7 अंतर्राष्ट्रीय और 2 भारतीय ब्रांड के कैंसर की दवाओं के नकली इंजेक्शन बरामद किए हैं. क्राइम ब्रांच ने भारी तादाद में खाली इंजेक्शन की खाली शीशियां भी बरामद की गई हैं.

स्पेशल कमिश्नर ऑफ पुलिस शालिनी सिंह के अनुसार, कैंसर जैसी बीमारी से जूझ रहे मरीजों की जिंदगी से खेलने वाले एक गिरोह के बाबत क्राइम ब्रांच की टीम को गुप्त सूचना मिली थी. यह गिरोह नामी ब्रांड की नकली दवाएं बनाकर मोटी रकम पर मरीजों को बेंच रहे थे. मामले की गंभीरता को देखते हुए क्राइम ब्रांच के डीसीपी अमित गोयल के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया, जिसमें एसीपी रमेश चंद्र लांबा के साथ इंस्पेक्टर कमल, पवन, महिपाल, एसआई गुलाब, आशीष, अंकित, गौरव, यतंदर मलिक, राकेश और समय सिंह भी शामिल थे.

Source: https://hindi.news18.com/news/nation/delhi-police-crime-branch-arrested-seven-people-including-staff-of-renowned-hospital-selling-fake-injections-to-cancer-patients-bizarre-news-8143177.html#google_vignette